## रिम्स ओपीडी

विभाग डॉक्टर का नाम

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर ओपीडी

विभाग डॉक्टर का नाम

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

## शहर में आज

1. प्रभात फेरी, रातू रोड गुरुद्वारा से सुबह 6 बजे
2. आदिवासी संगोष्ठी का प्रदर्शन, लालपुर में दिन के 10 बजे
3. साहित्कारों को हिंदी रत्न का सम्मान समारोह, चेंबर भवन में संध्या 4 बजे
4. जस्टिस एलपीएन शाहदेव का श्रद्धांजलि कार्यक्रम सूचना भवन के पास दिन के 9 बजे
5. राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव मोरहाबादी में दिन के 10 बजे

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### पीडीएस डीलरों का आंदोलन स्थगित

**रांची।** जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों ने मंगलवार को अपना आंदोलन स्थगित कर दिया. खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव के आश्वासन के बाद डीलरों ने आंदोलन स्थगित करते हुए बुधवार से दुकानें खोलने का फैसला लिया है. गौरतलब है कि 10 सूत्री मांगों को लेकर एक जनवरी से पीडीएस डीलरों ने आंदोलन शुरू किया था. इनकी प्रमुख मांगों में पीडीएस डीलकरों की अनुकंपा पर बहाली की व्यवस्था फिर से शुरू की जाए, 2021 में कोविड के दौरान 13 महीनों तक बांटे गये राशन का कमीशन दिया जाए, कमीशन की राशि 1 रुपये से बढ़ाकर 3 रुपये की जाए आदि शामिल हैं.

### अफसर अली की बेल पर अब 23 को सुनवाई

**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड स्थित एक भूखंड की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी अफसर अली की जमानत अर्जी पर ईडी की विशेष अदालत में 23 जनवरी को सुनवाई होगी. मंगलवार को अफसर अली की जमानत याचिका पर पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई. अदालत ने बेल पर बहस के लिए 23 जनवरी की तारीख तय की है. अभी कोर्ट वह चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री से जुड़े केस में सुनवाई कर रहा है. ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 5/2023 दर्ज किया है.

भगवान बिरसा मुंडा की कर्मभूमि डोमबारी बुरू में शहीदों को किया गया याद

# महापुरुषों के आदर्शों का अनुकरण करते हुए जागरूक बनें : अर्जुन मुंडा

संवाददाता ।रांची/ खूंटी



**शहादत दिवस**

- विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा
- जनजातीय क्षेत्रों में विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित

भगवान बिरसा मुंडा की कर्मभूमि डोमबारी बुरू में मंगलवार को शहादत दिवस का आयोजन किया गया. इस मौके पर क्षेत्र के लोग डोमबारी बुरु में एकत्रित होकर शहीदों को याद किया गया. बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपनी आहूति देने वाले अपने पूर्वजों का इतिहास याद रखना चाहिए. अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा सहित अन्य शहीदों को लोग भूलने लगे थे. इसलिए पीएम द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस रुप में मनाने का निर्णय लिया गया, जो संपूर्ण भारत में संकल्प दिवस के तौर पर मनाया जाता है.

मुंडा ने आगे कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अग्रंजों के विरुद्ध झारखंड में उलगुलान छेड़कर हम आदिवासियों को जीने एवं विकास का रास्ता दिखाया था. हमें अपने हक व अधिकार के प्रति जागरुक होकर संवैधानिक तरीके से अपने समाज, गांव एव राज्य के लिए विकास की दिशा में प्रगति के रास्ते का चुनाव करना होगा. हमें अपनी परंपरा, रीति-रिवाज, संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए राज्य व राष्ट्र के विकास के लिए प्रगति का मार्ग व्यवस्थित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी. यही भगवान बिरसा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी. मुंडा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास के प्रति केंद्र सरकार कृतसंकल्पित है. पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है. इसके तहत पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वन धन केंद्र की स्थापना, कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा.

## हर व्यक्ति तक पहुंचाएं केंद्र की योजना : अमर बाउरी



- रूक्का डैम के समीप भाजपा का वनभोज कार्यक्रम आयोजित
- लोस चुनाव में 303 से ज्यादा सीट पर सुनिश्चित करनी है जीत : कर्मवीर

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा है कि कि पीएम ने 15 नवंबर को झारखंड की धरती से विकसित भारत संपर्क यात्रा की शुरुआत की. इस कार्य को हमे सफल बनाना है. राज्य के हर व्यक्ति तक केंद्र सरकार की योजना को पहुंचाना है. वे मंगलवार को रूक्का डैम के समीप आयोजित वनभोज कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है, जब सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल का फल आगामी चुनाव में अपना मतदान कर समर्पित करना है. पीएम ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल को देश के गांव, गरीब, दलित, किसान, वंचित, शोषित, महिला, युवा के विकास के लिए समर्पित कर दिया है. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस बार 303 इससे ज्यादा सीट पर भाजपा की जीत को सुनिश्चित करना है. 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 14 से 22 जनवरी तक सभी कार्यकर्ताओं अपने आस पास के मंदिर, महापुरुषों की प्रतिमा, शिक्षण संस्थान आदि की सफाई करें और नमो एप्प पर अपने काम को अपलोड करें. मंदिर के पास एलईडीई पर श्री राम लला के स्थापना को लाइव दिखाए है और दिवाली मनाएं. कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाजपा का दामन थामा. नेता प्रतिपक्ष ने सभी को भाजपा परिवार का हिस्सा बनने के लिए शुभकामनाएं दी और उनसे आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करते हुए देश में विकास की गति को आगे बढ़ाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं.सांसद संजय सेठ ने कहा कि हमने कल्पना नही की थीं कि कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटेगा. लेकिन आज प्रधानमंत्री ने वहां से धारा 370 और 35 ए को हटा दिया. दुनिया देखती रही और हम चांद तक पहुंच गए. हम विश्व की पांचवी सब से बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं.

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले बाबूलाल मरांडी, कहा

# संवैधानिक संकट खड़ा करना चाहता है सत्ता पक्ष

- विधायक सरफराज अहमद पर दबाव देकर दिलवाया गया इस्तीफा
- लालू यादव की तर्ज पर कल्पना सोरेन को सीएम बनाना चाहते हेमंत

संवाददाता।रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की. बाबूलाल ने राज्यपाल से कहा कि अगर गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया जाता है तो राज्य में संवैधानिक संकट पैदा हो सकता है. राज्यपाल से मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता पक्ष के विधायक सरफराज अहमद पर दबाव देकर इस्तीफा दिलवाकर सीट खाली कराया है. सरफराज अहमद पूरी तरह स्वस्थ हैं. वे देश से बाहर भी नहीं जा रहे हैं. ऐसे में उनका इस्तीफा अकारण नहीं हुआ, बल्कि मुख्यमंत्री अपनी जेल यात्रा के पहले लालू प्रसाद की तर्ज पर अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं.

**इस्तीफे के तहत उपचुनाव नहीं हो सकता :** मरांडी ने कहा कि गांडेय के विधायक द्वारा दिये गए इस्तीफे के तहत उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है. सेक्शन 151 ए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत अगर सामान्य चुनाव में एक साल के कम का समय बचा हो, तो उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले (प्रमोद लक्ष्मण गुढ़ाधे बनाम भारत निर्वाचन आयोग) में यह स्पष्ट भी किया था.



### दिसंबर 2024 में होंगे विधानसभा चुनाव

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दिसंबर 2024 में होने हैं. सितंबर-अक्टूबर से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक गांडेय में उपचुनाव नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि जिस दिन विधानसभा क्षेत्र के नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर चुनाव आयोग को विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित करके यह सार्वजनिक बता देते हैं कि किस दल से और कितने निर्दलीय विधायक निर्वाचित हुए हैं, वही तारीख विधायक के निर्वाचन की मानी जाती है. अगर सरकार का गठन और विधानसभा सत्र कुछ दिन बाद हुआ हो, तो इससे उसका कुछ लेना-देना नहीं. बाबूलाल ने राज्यपाल से अपने पत्र को चुनाव आयोग को भी भेजने का आग्रह किया. बाबूलाल के साथ प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय और प्रदीप वर्मा भी थे.

### मोदी की गारंटी पर अल्पसंख्यक समाज को पूरा भारोसा : कर्मवीर

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा अपने मोर्चों को दुरुस्त करने में जुट गई है. मंगलवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों व जिला महामंत्रियों की बैठक बुलाई गई. प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों और मोदी की गारंटी पर अल्पसंख्यक समाज को पूरा भारोसा है. मुस्लिम समाज विकास के साथ जुड़ कर आगे बढ़ाने के लिए अग्रसर है. जनता को बताएं कि पीएम मोदी के विकास कार्यों का लाभ अल्पसंख्यक समाज को पूर्ण रूप से मिल रहा है. 2024 में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमें अभी से मेहनत करने की जरूरत है. बैठक के बाद जमशेदपुर से आजसू के जिला अध्यक्ष जुम्मन खान, मो फिरोज, गुरदीप सिंह, गुरमीत सिंह, रांची की तबस्सुम खान और अबू हसन सहित कई पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. बैठक में मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सोना खान, कमाल खान, तारिक इमरान, नजीर खान, डॉ आरिफ नासिर भट्ट, शमीम रजा समेत कई नेता थे.

**चुनाव से पहले दो बड़े सम्मेलन करेगा मोर्चा: अनवर हयात :** अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात ने कहा कि मोर्चा किसी भी कार्य में पीछे नहीं है और पार्टी के लिए तन, मन, धन लगा कर काम कर रहा है. इसी का परिणाम है भारी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं. लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से दो बड़े सम्मेलन, स्नेह संवाद, शुक्रिया मोदी जैसे कार्यक्रम करेगी और अल्पसंख्यक समाज का वोट भाजपा की झोली में लाने का प्रयास करेगी.

### 22 को वोटरों के लिए चलेगा विशेष अभियान

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अध्यक्षता में सिस्टमैटिक वोटर एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) की कोर कमेटी की बैठक हुई. इस दौरान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाने की रूपरेखा तैयार की गई. सभी सदस्यों ने सीईओ को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अलग-अलग अभियान चलाने के सुझाव दिए. सीईओ ने कहा कि मतदाताओं में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने के लिए 22 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है. उस दिन सोशल मीडिया पर हैशटैग अभियान #IamReadyToVote संचालित किया जाएगा.

### 3 अभियुक्तों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जगरनाथपुर थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की. जगरनाथपुर थाना कांड सं. 521/2023 के तीन प्राथमिकी अभियुक्तों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1-बी) ए/26/27/35 के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी गई है. तीनों अभियुक्तों में जगरनाथपुर के सिंह मोड़, न्यू प्रेमनगर निवासी सुमित मिंज उर्फ लवैंडर, नामकुम थाना (खरसीदाग ओपी) क्षेत्र के ओमप्रकाश नगर रोड बसारगढ़ नंबर-12 निवासी अजित सिंह और जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के नेपाली कॉलोनी, भवानीपुर रोड नंबर-1 निवासी मिट्ठु यादव उर्फ रितेश यादव शामिल हैं.

## लोस और विस चुनाव में भी दावेदारी पेश करेगी आजसू

संवाददाता।रांची



**सियासी मंथन**

- सुदेश महतो ने महानगर इकाइयों संग की बैठक
- वार्ड एवं महानगर सम्मेलन में सदस्यता अभियान चलेगा

हरमू स्थित आजसू के केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में महानगर आजसू पार्टी की सभी इकाइयों की बैठक हुई. इस दौरान महानगर के विस्तार एवं निगम के 53 वार्ड स्तर पर कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया. सभी 53 वार्डों में 51-51 सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी, ताकि वार्ड स्तर पर कमेटी का विस्तार बखूबी हो और मजबूती मिले. इसके बाद वार्ड स्तर पर सम्मेलन किया जाएगा. महानगर स्तर पर भी सम्मेलन कर लोगों को आजसू पार्टी में जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी. मेयर व डिप्टी मेयर का चुनाव लड़ने की तैयारी में भी आजसू पार्टी वार्ड स्तर का विस्तार कर रही है. वहीं लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी आजसू अपनी दावेदारी पेश करेगी. इसकी कड़ी तैयारी की जा रही है. इस अवसर पर आजसू के प्रवक्ता देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, एस अली, मीडिया प्रभारी मो परवाज समेत रांची महानगर अंतर्गत जिला समिति,रांची महानगर, महिला महानगर, छात्र इकाई,बुद्धिजीवी मंच एवं वार्ड के सभी पदधारी एवं सदस्यों समेत बड़ी संख्या में लोगों का जुटान हुआ था.

### सीएम से मिले राज्यसभा सांसद खीरू महतो




**रांची।** राज्यसभा सांसद और जदयू के झारखंड अध्यक्ष खीरू महतो ने प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. खीरू महतो ने मुख्यमंत्री को बिहार के सीएम नीतीश कुमार के 21 जनवरी के प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर जानकारी दी. राज्य में चल रहे विकास योजनाओं और राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की. सीएम और सांसद ने एक-दूसरे को नये साल की शुभकामनाएं भी दी.

मिला आश्वासन, नहीं लगेगा टैक्स

## लाइट हाउस प्रोजेक्ट के लाभुकों ने नगर प्रशासक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता।रांची



धुर्वा स्थित आनी टोला में बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के लाभुकों ने मंगलवार को नगर प्रशासक अमित कुमार से मिल कर ज्ञापन सौंपा. दरअसल, फ्लैट बुक कराने वाले लाभुकों को रजिस्ट्री की एवज में 5000 रुपए और बिजली कनेक्शन के लिए 4200 रुपए देने बाद भी नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स का बिल दे दिया गया था. लाभुकों ने बताया कि बिना फ्लैट हैंडओवर किए नगर निगम होल्डिंग टैक्स के नाम पर 2409 रुपए का बिल दे रहा है, जिसमें दो हजार रुपए फाइन है. लाभुकों ने यह भी कहा कि अभी फ्लैट उन्हें हैंडओवर तक नहीं हुआ है और नगर निगम के अधिकारी रोज नये-नये खर्चे थोप रहे हैं. उनका कहना था कि 400 स्क्वायर फिट तक के निर्माण पर होल्डिंग टैक्स फ्री है. इसके बावजूद नगर निगम 325 स्क्वायर फिट के फ्लैट के लिए होल्डिंग टैक्स ले रहा है. नगर प्रशासक ने लाभुकों को भरोसा दिया कि बिना फ्लैट हैंडओवर किए किसी से कोई फाइन नहीं लिया जाएगा.

अंजुमन ए जफरिया ने प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदधारियों को किया सम्मानित

## समाज को नई दिशा देता पत्रकार

संवाददाता।रांची



अंजुमन ए जाफरिया की ओर से आयोजित समारोह में प्रेस क्लब रांची के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कांग्रेस प्रव्कता को सम्मान किया गया. आयोजन मंगलवार को विक्रांत चौक स्थित मस्जिद जाफरिया कैंपस में किया गया. मौके पर ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने सभी नवनिर्वाचित प्रेस क्लब के पदधारियों एवं सदस्यों को शॉल, माला, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है , जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करता है. इसलिए पत्रकारिता को भारतीय लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी माना गया है. कांग्रेस के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने कहा कि कलम की ताकत समाज की गंदगी को तोड़ती है. अगर पॉजिटिव न्यूज लिखने लगे, तो समाज के बिखराव को खत्म किया जा सकता है. समाज जब जुड़ेगा तो बुराई खुद खत्म हो जाएगी. प्रेस क्लब के महासचिव अमरकांत ने कहा कि प्रेस क्लब आप सबके साथ है हमारी टीम यह कोशिश कर रही है. पत्रकारिता समाज को क्या दे सकती है, इस पर काम कर रहे हैं. मौके पर महासचिव अकीलुर्रहमान, समाजसेवी समी आजाद, वरीय पत्रकार मुस्तकीम आलम, गुलाम शाहिद, आदिल रशीद, समाजसेवी हाजी हलीम, सैयद नेहाल अहमद, सैयद शहरोज काम, सैयद नेहाल हुसैन सरियावी, सरफे आलम, अब्दुल खालिक, इकबाल हुसैन आदि शामिल थे. संचालन शायर सोहेल सईद, धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह ने किया.

## भारत की प्रथम महिला मुस्लिम शिक्षक थीं फातिमा : अब्दुल्लाह

रेहान अहमद।रांची

फातिमा शेख का जन्म 9 जनवरी 1831 पुणे महाराष्ट्र में हुआ था. वह एक भारतीय शिक्षिका थीं, जो समाज सुधारकों, ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की सहयोगी थीं. फातिमा शेख आधुनिक भारत में पहली मुस्लिम महिला शिक्षकों में से एक थीं और उन्होंने स्कूल में दलित बच्चों को शिक्षित करना शुरू किया.

शिक्षाविद अब्दुल्लाह कैफी ने कहा कि ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले, फातिमा शेख के साथ, दलित समुदायों में शिक्षा फैलाने का कार्य किया फातिमा शेख और सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं और उत्पीड़ित जातियों के लोगों को शिक्षा देना शुरू किया. उस्मान शेख ने फुले दंपती को अपने घर की पेशकश की और परिसर में एक स्कूल चलाने पर सहमति व्यक्त की. 1848 में, उस्मान शेख और उनकी बहन फातिमा शेख के घर में एक स्कूल खोला गया था. इतिहास में जहां पहला स्कूल खोलने का श्रेय ज्योतिबा फुले को दिया जाता है, तो पहली शिक्षिका के तौर पर नाम सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख को दिया जाता है. फातिमा शेख ने समाज के सबसे दबे-कुचले लोगों और खास कर स्त्रियों की तालीम के लिए सावित्रीबाई फुले के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम किया. 1 जनवरी सन 1848 में पुणे के बुधवार पेठ में जब पहला स्कूल खोला गया, तो सावित्रीबाई के साथ फातिमा शेख़ भी वहां पढ़ाती थीं.

**उलगुलान सभा** आंदोलनकारियों के आधिकारों पर हमले के खिलाफ चुप्पी तोड़ने का निर्णय

# मांगों की पूर्ति के लिए 15 को राज्यपाल को सौंपेंगे ज्ञापन

संवाददाता।रांची



आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की उलगुलान सभा बैठक में मौजूद सदस्य.

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की उलगुलान सभा की बैठक डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को स्टीफन किंडो की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान आंदोलनकारियों के आधिकारों पर हो रहे हमले के खिलाफ चुप्पी तोड़ने का निर्णय लिया गया. झारखंड आंदोलनकारियों ने निर्णय लिया कि अपने संवैधनिक आधिकारों की रक्षा की मांगों को लेकर प्रत्येक प्रखंड, जिला व प्रमंडल से राज्यपाल के नाम 16 जनवरी को ज्ञापन सौंपा जायेगा. इसके अलावा अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सांसदों एवं विधायकों को भी अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेंगे. निर्णय लिया गया कि 10 जनवरी को सिल्ली में मिलन समारोह, 12 को जमशेदपुर कोर कमेटी की बैठक, 21 को गुमला के जारी में भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाने को लेकर उलगुलान सभा होगी. मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर जोरदार आंदोलन करना है. आंदोलनकारी को अब चुप नहीं बैठेंगे. संयोजक स्टीफन किंडो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति काफी दयनीय है. अपने संगठन को मजबूत करें और जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने, अपनी अलग पहचान, राजकीय मान-सम्मान, रोजी-रोजगार एवं बाल बच्चों के 100 फीसदी नियोजन के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करें. मौके पर सीताराम उरांव, सुबोध लकड़ा, दिनेश राम, रतन महतो, जगदीश लकड़ा, सहदेव महतो, विक्टर केरकेट्टा, प्रभा मिंज,अजय मंडल, सुधीर उरांव, माझो महतो, कार्तिक महथा, महबूब अंसारी, बसंत कुजूर, कालिंद्र उरांव, बदरी प्रसाद सिंह, ध्रुवनारायण पासवान, निरंजन प्रसाद, चितरंजन महतो, बद्री प्रसाद साहू, गयासुद्दीन अंसारी, गुलाब हुसैन, नलिन चंद्र कुमार,अशोक उरांव, समेत बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे. धन्यवाद ज्ञापन विश्वजीत प्रमाणिक ने किया.

### आदिवासी लोहरा समाज प्रकृति पूजक : बालमुकुंद

**रांची।** आदिवासी लोहरा समाज ने अस्तित्व, बचाव महारैली का आयोजन करने को लेकर करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में बालमुकुंद लोहरा की अध्यक्षता में बैठक हुई. लोहरा समाज के महासचिव प्रीतम सांड ने कहा कि लोहरा समाज प्रकृति पूजक है, रूढ़िवादी व्यवस्था को मानते आ रहे हैं.11 जनवरी को होने वाले महारैली में लोहरा समाज को नहीं जाने के लिए बोला गया, क्योंकि लोहरदगा में 11 जनवरी को महारैली बुलाया है. इस रैली को राजनीति से प्रेरित बताया गया है.

## सिर में लगी बुलेट का रिम्स में किया गया सफल ऑपरेशन

संवाददाता।रांची

रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में मंगलवार को 20 वर्षीय युवक की बुलेट इंजरी का सफल ऑपरेशन हुआ. मरीज को एमजीएम जमशेदपुर से रिम्स रेफर किया गया था. मरीज अमरजीत कुमार को 5 जनवरी को जमशेदपुर में सिर में गोली लगी थी. इस घटना के बाद उन्हें एमजीएम अस्पताल में एडमिट कराया गया था. वहां की टीम ने इमरजेंसी सर्जरी की और उन्हें रिम्स रेफर कर दिया. अमरजीत को न्यूरोसर्जरी विभाग में डॉ सीबी सहाय के यूनिट में भर्ती किया गया. अमरजीत के सिर में गोली लगने की वजह से गोली के टुकड़े ब्रेन की हड्डी को डैमेज कर ब्रेन तक पहुंच गए थे. जिसके बाद डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया. ऑपरेशन के दौरान बुलेट के पार्ट को हटाया गया और ब्रेन के क्षतिग्रस्त हिस्सों को भी ऑपरेट कर ठीक किया गया. फिर स्कल की हड्डियों को भी रिपेयर किया गया.



**ऑपरेशन में ये टीम थी**

इस ऑपरेशन में न्यूरो सर्जरी विभाग से डॉ विवेक, डॉ दीपक, डॉ विकास कुमार, डॉ रवि, डॉ नारायण, डॉ राहुल, एनेस्थीसिया विभाग से डॉ सौरभ व टीम के अलावा ओटी स्टाफ में सुनील और नीलम शामिल थे.

### पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर ईडी की छापेमारी

**रांची।** धनबाद में पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छापेमारी कर रही है. मंगलवार को ईडी की धनबाद के बैंक मोड़ सुपर मार्केट बिल्डिंग हरियाणा में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के रिश्तेदार बिन्नू सरदार के घर छापेमारी हो रही है. यह अभियान पिछले कई घंटों से जारी है. बता दें कि अवैध खनन व मनी लॉड्रिंग मामले में इनेलो नेता अभय चौटाला के समधी और पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई सोमवार को पांचवें दिन पूरी हुई थी, जिसके बाद ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. लेसर स्थित उनके फार्म हाउस से विदेशी हथियार मिले थे. ईडी की टीम ने उनकी प्रॉपर्टी और बैंक संबंधी डिटेल गहनता से खंगाला था.

तापमान
26.4° अधिकतम | 9.8° न्यूनतम
www.lagatar.in

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

बुधवार, 10 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 263
आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

**एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वॉलीफायर्स 2024**

## अभ्यास मैच में हारा भारत






संवाददाता।रांची

रांची में एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के पहले मेजबान भारत को अभ्यास मैच में जर्मनी के हाथों हार का सामना करना पड़ा. जर्मनी ने भारत को 4-2 से मात दी. ओलंपिक क्वॉलीफायर्स से पहले भारत के लिए चेतावनी वाली स्थिति है. प्रतियोगिता में भारत का सामना यूएसए, न्यूजीलैंड और इटली से होगा. 13 से 19 जनवरी 2024 तक ओलंपिक क्वालीफायर के सभी मुकाबले मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में सभी मुकाबले खेले जाएंगे. इस प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ 8 देशों की टीम हिस्सा लेगी. इनमें भारत, इटली, चीली, जापान, चेक रिपब्लिक, जर्मनी, न्यूजीलैंड और यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका की टीम शामिल हैं. इनमें से टॉप तीन टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी.

**हाल-ए-सफर : जी हां, मुस्कुराइए आप राजधानी रांची में हैं...**

# सफर के लिए खटारा सिटी बसें

तरुण चौबे।रांची

राजधानी रांची में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर खटारा सिटी बसों का परिचालन हो रहा है. आलम ये है कि सिटी बसों में बैठने से यात्री डरने लगे हैं. विकल्प के तौर पर लोग एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए ऑटो या ई-रिक्शा से सफर करना पसंद कर रहे हैं. शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का जिम्मा रांची नगर निगम के पास है. निगम के पास कुल 40 सिटी बसें हैं. लेकिन उनमें से आधी से अधिक खटारा हो चुकी हैं या यों कहें कंडम हो चुकी हैं. थोड़ी बहुत किसी तरह चलने लायक हैं. लेकिन उनमें से भी ज्यादातर अक्सर महीने में 15 दिन डिपो में ही खड़ी रहती हैं. कभी रास्ते में खराब हुई, तो धक्के लगाने पड़ते हैं. धक्के लगाने पर भी बसें चलेंगी या नहीं,जिसका भरोसा नहीं. ज्यादातर बसों की खिड़कियों न दरवाजों के शीशे टूटे हुए हैं. ठंड के मौसम में ठंडी हवाएं बस यात्रियों को ठिठुरा देती हैं. बारिश हुई तो सारा पानी बसों में घुसता है. किसीर तरह यात्री जान जोखिम में डाल कर ही सिटी बसों में सफर करते हैं. बसों के चालक भीड़वाले रास्ते में रफ गाड़ी चलाते हैं, जिससे अक्सर हादसे होते रहते हैं.

### तीन बार टेंडर निकला कोई आगे नहीं आया

निगम सिटी बसों के परिचालन के लिए दो साल से एजेंसी की तलाश कर रहा है. इसके लिए निगम ने तीन बार टेंडर भी निकाला, लेकिन कोई सिटी बसों को चलाने के लिए कोई एजेंसी नहीं आगे आ ही नहीं रही है. जो भी एजेंसी या ट्रांसपोर्टर बसें चलाने की सोचते हैं, वे गाड़ियों की हालत देख पीछे हट जाते हैं. वैसे तो सारी की सारे बसें जर्जर हो गयी हैं, लेकिन कुछ ऐसी हैं, जिसकी बॉडी को ठोक-पीट कर काम चलाया जा रहा है. बसों की हालत इतनी जर्जर है कही चलाने के दौरान कोई हादसा न हो जाए.

### 10 साल से अधिक पुराने मॉडल की बसें हैं

निगम के पास 10 साल पुरानी बसें हैं. रांची में ट्रैफिक जाम की समस्या से बसें चलाने के लिए कोई भी एजेंसी तैयार नहीं हो रही है. हालांकि 244 नई सिटी बसें मिलने वाली हैं. इनके ऑपरेशन, मेंटेनेंस को लेकर कुछ महीने पहले टेंडर निकला था. इसमें सिर्फ महाराष्ट्र की एक कंपनी ने आवेदन दिया. इस कारण टेंडर को रद्द कर दिया गया. बसों की कमी के कारण शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बड़ी समस्या है.

### 23 सालों में 250 सिटी बसों पर करोड़ों खर्च कर चुका है निगम, अब 40 जर्जर बसें ही बचीं हैं



राजधानी बनने के बाद से नगर निगम ने करीब 250 सिटी बसों पर करोड़ो रुपए खर्च कर चुका है. लेकिन वर्तमान में सिर्फ 40 बसें ही नगर निगम के पास है. शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर नगर निगम के द्वारा गिनी-चुनी सिटी बस ही चला रहा है. उसमें भी गिने चुने रुट पर. इन रूटो में एमजी रोड में 22 और रातू रोड, कांटाटोली होते हुए धुर्वा तक 18 बसों का परिचालन हो रहा है. इसके अलावा सभी रूट पर ऑटो ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सहारा है. साथ ही ई-रिक्शा से भी लोग का सहारा बन कर उभर रही है.

**हिलती-डुलती रहती है बसों की टूटी-फूटी बॉडी, कहीं कबड़ न जाए**

- खिड़कियों के शीशे नदारद, इंजन में खराबी, ठेलको हो गई हैं बसें
- धक्के लगाओ, स्टार्ट हो गई बसें, तो हनीमत है, वर्ना सड़क जाम

### कबाड़ में पडी हैं कई सिटी बसें

- 2005 में नगर निगम को सबसे पहले सिटी बसें मिली थीं.
- 20 ही बसें उस समय सड़क पर उतर पाईं थीं.
- 31 बसें नगर निगम के स्टोर में रखी-रखी कबाड़ हो गई हैं.
- 2009 में फिर से नगर निगम ने 200 सिटी बसें खरीदी थीं
- 160 सिटी बसें पूरी तरह से कबाड़ हो चुकी हैं.
- 40 बसें ही शहर में वर्तमान में चल रही हैं.



### बसों की हालत बेहद जर्जर

फिलहाल जो बसें चल रही हैं, उनकी हालत भी खराब है. सिटी बसे चलते-चलते कहीं भी बंद हो जाती हैं. बस की सीटें भी टूट-फूट गयी हैं. सीटों की गद्दी फट चुकी हैं . जर्जर बसों में क्षमता से ज्यादा सवारी चढ़ा लिए जाते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है.

**भाजपा विधायक की गाड़ी पर पथराव**

## दो अंगरक्षक समेत कई लोग जख्मी





संवाददाता।रांची

छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार की गाड़ी पर मंगलवार की देर शाम हिट एंड रन कानून के विरोध में सड़क जाम कर रहे चालकों ने हमला कर दिया. इसमें दोनों बाल-बाल बच गये, जबकि उनके दो गार्ड जख्मी हो गए हैं.

इस दौरान पुलिस टीम पर भी पत्थरबाजी हुई, जिससे कई जवानों को चोटें आई हैं. पूर्व सांसद ने इसे लेकर छतरपुर थाने में आवेदन दिया है. पूर्व सांसद ने बताया कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में पथराव हुआ. उन्होंने इसको पूर्व नियोजित साजिश बताया. पथराव किसने किया और क्यों किया, इसकी जानकारी नहीं है. इधर, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो-तीन चालकों को पकड़ा है. जानकारी के अनुसार, हिट एंड रन कानून के विरोध में करीब 200 चालक उदयगढ़ में नवनिर्मित फोरलेन पर सुबह से ही धरने पर बैठे थे. आंदोलनकारियों से दोपहर में छतरपुर सीओ नित्यानंद प्रसाद, पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा समेत अन्य अफसरों ने समझा बुझा कर जाम हटवाने की कोशिश की, लेकिन वह वहां से नहीं हटे. सड़क जाम के दौरान चालक काफी आक्रोशित थे और वे ड्राइवर एकता जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे. देर शाम जब उस रास्ते से विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार की गाड़ी गुजरने लगी तो चालकों ने उनके वाहनों पर पत्थरबाजी कर दी. डीएसपी के वाहन पर भी पत्थर फेंके जाने की बात कही जा रही है. छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. इलाके में पुलिस बल को भेजा गया है.

### रिम्स में टेरिटरी कैंसर केयर की स्थापना के लिए बैठक



**रांची।** रिम्स में टेरिटरी कैंसर केयर की स्थापना के लिए मंगलवार को बैठक हुई. बैठक उपकरणों तथा लिनियर एक्सेलरेटर, ब्रैची थेरेपी, सिमुलेटर एवं सह-उपकरणों के क्रय एवं सरकार के फंड के इस्तेमाल के लिए हुई. सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की अफसर सरिता नायर ने बैठक की अध्यक्षता की. इसमें डॉ लाल मांझी, रिम्स निदेशक प्रो राजीव गुप्ता, डॉ हीरेन्द्र बिरुआ व अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे. रिम्स के रेडियोथेरापी विभाग उपकरणों के क्रय हेतु प्रपत्र तैयार कर भारखंड स्वास्थ्य विभाग के प्रोक्योरमेंट सेल को निविदा प्रकाशित करने हेतु समर्पित करने का सुझाव दिया गया.

## 3 एरोबिक बायो टॉयलेट्स का हुआ उद्घाटन

संवाददाता।रांची

रांची नगर निगम के द्वारा लगभग 3 करोड़ की लागत से तीन एरोबिक बायो टॉयलेट्स का निर्माण कराया गया है. जिसका उद्घाटन मंगलवार को लोकसभा सांसद संजय सेठ, राज्य सभा सांसद महुआ माजी और विधायक सीपी सिंह ने किया.

इन एरोबिक टॉयलेट्स का निर्माण मोरहाबादी स्थित निबंधन कार्यालय के समीप, अटल स्मृति वेंडर मार्केट के समीप तथा आईटीआई बस स्टैंड के पास किया गया है. मोरहाबादी स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के समीप एरोबिक बायो टॉयलेट में छह पुरुष और दो महिला टॉयलेट की सुविधा है. आईटीआई बस स्टैंड और अटल वेंडर मार्केट के समीप निर्मित टॉयलेट में चार पुरुष और दो महिला टॉयलेट की सुविधा दी गई है. जल्द ही चौथा एरोबिक बायो टॉयलेट का निर्माण बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा बस स्टैंड में शुरू किया जाना है. मौके पर उप प्रशासक रजनीश कुमार, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, के साथ साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे.





**क्या है एरोबिक बायो टॉयलेट**

एरोबिक बायो टॉयलेट दुर्गन्ध व मीथेन गैस रहित है. साथ ही इसमें कुछ ही क्षण में मल-मूत्र पानी में तब्दील हो जाएगा. इस प्रकार के पर्यावरण अनुकूल बायो टॉयलेट में सीवरेज लाइन या टंकी की भी जरूरत नहीं पड़ती है. इसकी खासियत यह है कि इससे पॉल्यूशन नहीं होता. टॉयलेट के नीचे बायो डाइजेस्टर कंटेनर लगा होता है, जिसमें एनेरोविक बैक्टीरिया होता है. यह बैक्टीरिया मल को पानी और गैस में बदल देता है. पूरी प्रक्रिया के बाद सिर्फ मिथेन और पानी ही रह जाता है. जिसे रीसाइक्लिंग कर शौचालय या बागवानी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. इससे दुगंध भी नहीं आती और हमेशा स्वच्छ भी रहता है. बायो टॉयलेट में यूरिन को स्टोर करने के लिए टैंक लगाए गए हैं. इसमें केमिकल डालकर यूरिन को पानी में कन्वर्ट कर दिया जाएगा. इससे दुर्गंध की समस्या नहीं होगी और ड्रेनेज में बहाया जा सकेगा.

## आखिर क्यों सरकार लाई नया एसओपी

संवाददाता।रांची

झारखंड सरकार के पदाधिकारियों को राज्य के बाहर की जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआइ आदि के समन या नोटिस का जवाब देने के लिए सरकार ने एसओपी (दिशा-निर्देश) तैयार किया है. मंगलवार को कैबिनेट से इसकी मंजूरी भी ले ली गयी है.

सरकार का मानना है कि विगत कुछ समय से राज्य के बाहर की जांच एजेंसियों द्वारा राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकार को सूचना उपलब्ध कराये बिना ही पदाधिकारियों को सीधे समन, नोटिस भेज कर उन्हें उपस्थित होने के लिए कहा जाता है. कई मामलों में सरकारी दस्तावेज, अभिलेखों की मांग भी जांच एजेंसी के द्वारा की जाती है. कुछ मामलों में अधिकारी अपने वरीय पदाधिकारी, विभागीय प्रधान के संज्ञान में लाये बिना ही सरकारी दस्तावेज, अभिलेख एजेंसी को सौंप देते हैं, जो प्रचलित नियमों के अनुकूल नहीं है. सरकार का मानना है कि इससे सरकारी कार्यालय में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. साथ-साथ सरकारी कार्य भी बाधित होता है.

यह भी संभावना है कि उपलब्ध कराये गये दस्तावेज अपूर्ण हों, इससे राज्य या बाहरी एजेंसी की जांच भी प्रभावित हो सकती है. ऐसे में अब बाहरी एजेंसी के समन या नोटिस के जवाब के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को नोडल विभाग बना दिया गया है. चूंकि भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए एसीबी राज्य में कार्यरत है, ऐसे में अब किसी अधिकारी को कोई समन बाहरी एजेंसी से मिलता है, तो वे पहले अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से निगरानी विभाग को अवगत करायेंगे, निगरानी विभाग कानूनी सलाह के बाद ही इस पर उक्त अधिकारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए कहेगा, निगरानी विभाग यह बताएगा कि कौन से दस्तावेज देने हैं.

**अक्सर पैदा हो जाती भ्रम की स्थिति**



**बंगाल में पहले से लागू है यह व्यवस्था :** बता दें कि पश्चिम बंगाल में इस तरह के दिशा-निर्देश पहले ही लागू हैं. बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने इसको लेकर अपना कानून भी बनाया है.

**सूरते हाल** राज्य में हेडमास्टरों के 2133 पद स्वीकृत, कार्यरत हैं सिर्फ 29

# झारखंड के 2104 मिडिल स्कूल प्रभारी के भरोसे

सत्य शरण मिश्रा।रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है. स्कूलों में सभी विषयों के लिए पर्याप्त टीचर उपलब्ध नहीं हैं. सैकड़ों स्कूल सिर्फ एक सरकारी टीचर और कुछ पारा शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं. इतना ही नहीं इन स्कूलों में कई सालों से हेडमास्टर के पद भी खाली हैं.

राज्य के मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के कुल 2133 पद स्वीकृत हैं. लेकिन इनमें सिर्फ 29 स्कूलों में ही हेडमास्टर हैं, जबकि 2104 स्कूल प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे चल रहे हैं. 2021 के पहले ये सभी स्कूल बिना हेडमास्टर के ही चल रहे थे. शिक्षा विभाग ने फरवरी 2021 में बिना प्राचार्य वाले स्कूलों का संचालन प्रभारी प्राचार्यों से कराने का प्रावधान किया था.




**2104 में सिर्फ 1067 पदों को भरने की तैयारी :** बता दें कि मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के 2104 पद खाली हैं. लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया सिर्फ 677 पदों के लिए शुरू की गई, जबकि 390 पदों को गैर योजना मद से प्रोन्नति के जरिये भरने की तैयारी चल रही है. शिक्षकों को प्रोन्नत कर प्राचार्य का पद देने की कार्रवाई अंतिम चरण में है. कुल मिलाकर 1067 स्कूलों में प्राचार्य का पद भरने की कवायद चल रही है, लेकिन अभी भी 1037 स्कूलों के हेडमास्टर के पद भरने की कोई योजना नहीं दिख रही.

### 677 पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को भेजी गई है अधियाचना

शिक्षा विभाग हर साल प्राचार्य के पदों की बहाली की तैयारियां शुरू करता है, लेकिन इन खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया अधर में ही लटक जाती है. जुलाई 2023 में शिक्षा विभाग ने माध्यमिक विद्यालयों में प्राचार्यों के 677 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए कार्मिक विभाग के पास अधियाचना भेजी थी. फिर वह वहां से जेपीएससी को भेजी गई, लेकिन अबतक न परीक्षा हुई और नियुक्तियां हो पाई है. मामला लगातार लटकता ही रहा है.

### हरमू बाईपास रोड में लगा जाम, रेंगती रहीं गाडियां

**रांची।** राजधानी के हरमू बाईपास रोड में घंटों जाम लगा रहा. जिस वजह से सड़कों पर गाड़ियां रेंगती रहीं. इस दौरान आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. जाम में फंसे लोग वैकल्पिक मार्ग की तलाश करते नजर आए. इसके अलावा अन्य कई जगहों पर भी जाम की स्थिति बनी रही.



## बरियातू के मंदिर में तोड़फोड़ को ले दूसरे दिन भी लोगों में दिखा आक्रोश, सड़क जाम

- पुलिस ने लोगों को समझा-बुझा कर शांत किया, दोषियों को जल्द पकड़ने का दिया आश्वासन

संवाददाता।रांची

बरियातू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मंदिर में प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने को लेकर दूसरे दिन मंगलवार को भी लोगों में आक्रोश देखने को मिला. सैकड़ों लोगों ने बरियातू रोड को जाम कर दिया और घटना को दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे. पुलिस ने काफी देर की मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया.

बता दें कि बरियातू डीएवी स्कूल के सामने स्थित राम जानकी मंदिर में रविवार देर रात चोरी और मूर्तियों में तोड़-फोड़ की घटना हुई थी. मंदिर के पुजारी बाबा रामदेव के अनुसार, मंदिर से चांदी के 7 मुकुट चोरी कर लिये गये. मंदिर में स्थापित शेषनाग की प्रतिकृति को भी तोड़ा गया. असामाजिक तत्वों ने राम, सीता, हनुमान जी और मां दुर्गा की प्रतिमा को भी खंडित कर दिया. मंदिर में तोड़फोड़ की खबर से जनाक्रोश फूट पड़ा और सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आये. आक्रोशितों ने रोड को जाम कर दिया. सिटी एसपी, सांसद संजय सेठ व विधायक सीपी सिंह के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ. लेकिन मंगलवार को फिर आक्रोशितों ने सड़क जाम कर दी. पुलिस के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए. पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल लोगों को जल्द गिरफ्तार करके कड़ी सजा दी जाएगी.



# नृत्य नाटिका का जीवंत मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु...





संवाददाता । रांची

श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग का परिसर मंगलवार को सेवा और भक्ति से सराबोर रहा. यहां चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के समापन मौके पर जहां हवन-पुर्णाहूति और भंडरा का आयोजन किया गया, वहीं कोलकता की रास मंडली ने अपनी प्रस्तुति से सब का मन मोहा. ओडिशा की भजन गायिका स्वर्णरेखा महंता के क्या कहने. महंता ने भी साथियों संग भक्ति रस की ऐसी धारा बहायी कि सब उसमें डूब से गये.

नृत्य-गीत के साथ भक्ति आनंद का एहसास सबों के दिलों में अमिट छाप छोड़ गया. दिन के डेढ़ बजे से नृत्य नाटिका का कार्यक्रम शुरू हुआ. पहले कलाकारों ने भक्त प्रहलाद प्रसंग का मंचन किया. इसके बाद विविध रूप धर मुरलीधर के रास लीला आदि प्रसंगों का सुंदर मंचन कर वाहवाही लूटी. उपिस्थत दर्शक कभी भावविभोर हो टकटकी लगा प्रसंग में खो से जाते तो कभी नाच-झूम कर भक्ति रस की धारा में डूब जाते. समय कैसे गुजरा किसी को भान न रहा. शाम पांच बजे जब आरती की घोषणा हुई, तब सब की तंद्रा टूटी. आरती के बाद सभी के बीच भंडारे का प्रसाद बांटा गया.

संत सदानंद जी की संस्था से जुड़े स्थानीय भजन गायकों ने भी भक्ति का रंग जमाया. मनीष सोनी, निर्मल जालान, पूरनमल सर्राफ, सिता शर्मा, सिद्धी जालान आदि ने बाहर से आये भजन गायक और रास मंडली संग कई भजन प्रस्तुत किये. दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग में प्रणामी संस्था का 129वां भंडारा भी चला. बड़ी संख्या में सदानंद जी के अनुयायियों ने नर सेवा नारायण सेवा के भाव से समर्पित हो इसमें योगदान दिया. राजेंद्र प्रसाद राजू ने बताया कि पांच सौ से ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बीच प्रसाद रूप में स्वादिष्ट भोजन परोसा गया. उन्होंने बताया कि साप्ताहिक भंडारा निरंतर चलता रहेगा.

### आयोजन में इनका रहा योगदान

आयोजन में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, कैलाश जीवराजका, विष्णु सोनी, दिलीपअग्रवाल, मनीष जालान, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, सुशील गाड़ोदिया, पवन अग्रवाल, कैलाश सिंघानिया, नवल अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, रमा डोकानिया, अमिता जालान, सिद्धि, विशाखा, वंदना, मनीषा जालान, रेशमा अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रेखा पोद्दार आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

## न्यूज अपडेट

### सुंदरकांड से गुंजायमान रहा श्रीश्याम मंदिर



**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड का परिसर मंगलवार की शाम सुंदर कांड और हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ से गुंजायमान रहा. यहां श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा प्रत्येक सप्ताह इसका खास आयोजन किया जाता है. इस बार भक्तों द्वारा 84वां पाठ किया गया. सुनील मोदी और उनकी पत्नी आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की. भोग निवेदिक कर आरती उतारी. मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. इसके बाद श्रीगणेश वंदना से शुरुआत कर मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों संग सस्वर पाठ का उच्चारण किया.

### डीएसपीएमयू में कोर्ट मार्शल नाटक की प्रस्तुति



**रांची।** अपनी भव्य प्रस्तुतियों के लिए मशहूर झारखंड की नाट्य संस्था एक्सपोजर अपने पूर्णकालिक नाटक कोर्ट मार्शल की छठी प्रस्तुति मंगलवार को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में की गयी. स्वदेश दीपक द्वारा लिखित इस प्रसिद्ध नाटक को राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के एल्यूमिनी संजय लाल निर्देशित कर रहे हैं. नाटक का अभ्यास अपने चरम पर है. 20 कलाकारों की टोली पिछले 45 दिनों से बहुत ही लगन व निष्ठा से इस प्रस्तुति की तैयारी कर रहे हैं. इस नाटक को हर जगह के रंग प्रेमियों की भरपूर सराहना मिली है. दर्शकों की सुविधा के लिए प्रवेश निःशुल्क है.

### सरला बिरला की एक्सपीरियंशियल लर्निंग यात्रा



**रांची ।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12वीं (2023-24 बैच) के छात्रों के लिए मिलन समारोह सह एक्सपीरियंशियल लर्निंग यात्रा का आयोजिन किया. छात्रों को पुरुलिया स्थित कुशल पल्ली रिसॉर्ट्स (अयोध्या हिल्स) ले जाया गया. जहां उनका पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया. छात्रों ने लंच करने के बाद पूल साइड पार्टी की. विद्यार्थियों ने गो कार्टिंग, बास्केटबॉल सहित कई खेलों में भाग लिया. इसके बाद शाम में स्टैंड-अप कॉमेडियन पीयूष शर्मा ने सभी को खूब हंसाया. इसके बाद छात्रों ने डीजे नाइट का आनंद लिया. छात्रों के लिए खेलों का भी आयोजन किया गया था.

### 24 कुंडीय राष्ट्र-चेतना गायत्री महायज्ञ संपन्न



**रांची।** गणेश मैदान, कृष्णापुरी चुटिया में आयोजित 24 कुंडीय राष्ट्र-चेतना गायत्री महायज्ञ मंगलवार को पूर्णाहूति हवन और टोली विदाई के साथ संपन्न हो गया. अंतिम दिन सुबह ध्यान-साधना कर श्रद्धालुओं ने प्रज्ञा योग किया. इसके बाद गायत्री महायज्ञ और विभिन्न संस्कार का सिलसिला दोपहर बाद तक चला. हरिद्वार से आयी टोली द्वारा विविध संस्कार संपन्न हुए. साढ़े 12 बजे पूर्णाहुति हवन और टोली विदाई की गयी. साथ ही चार दिनी अनुष्ठान संपन्न हो गया. कमलेश कुमार,अभय शंकर, रेणु सिन्हा, रीना राय, जयंती सिंह, रीना जमुआर, कुणाल कुमार आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

### विश्व हिंदी दिवस पर आज होगी कवि गोष्ठी

**रांची।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर 10 जनवरी को संध्या चार बजे सम्मान सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर के कवि-कवयित्रियां भाग लेंगे. यह जानकारी रांची के सांसद संजय सेठ ने दी है. उन्होंने बताया कि कवि गोष्ठी के संयोजक रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय होंगे. उल्लेखनीय है कि यूएनओ ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में घोषित किया है. यह हिंदी और भारत के लिए गौरव की बात है.

## ब्रीफ खबरें

### गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज इंद्रधनुष 10 से

**रांची।** गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 10 जनवरी से 13 जनवरी इंद्रधनुष 2024 का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रमण कुमार झा ने बैठक किया. डॉ. ओम प्रकाश को संयोजक बनाया गया है. भाषण, क्विज, ग्रुप सांग, डिबेट, इलेक्वयेशन, फोटोग्राफी, पेंटिंग, यूथ पार्लियामेंट और अन्य प्रतियोगिताएं होंगी. बैठक में प्रो पंकज, डॉ. मजहरूल हक, डॉ चंद्रमाधव सिंह, डॉ ओम प्रकाश तिवारी समेत अन्य शामिल रहे.

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में सेमिनार आयोजित

**रांची ।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में उघमिता और स्टार्टअप एक लॉन्चपैड विषय पर सेमिनार का आयोजन किया. सेमिनार में मोटर हाट के संस्थापक सह सीईओ सिद्धानाथ सुनील ऑनलाइन शामिल हुए. मैनेजमेंट स्टडी के छात्र इसमें मुख्य रूप से शामिल रहे. सिद्धानाथ सुनील ने कहा कि आर्थिक लाभों और उद्यमशीलता यात्राओं के अनेक उतार-चढ़ाव है और इसके बारे में विस्तार से बनाया. इसके अलावे उन्होंने अपना अनुभव साझा किया.

### माही ने फातिमा शेख की जयंती मनायी

**रांची।** इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में जमैतुल इराकीन के सहयोग से चलाए जा रहे माही क्लासेस में मंगलवार को आधुनिक भारत की पहली शिक्षिका फातिमा शेख की जयंती मनायी गई. माही क्लासेस ने प्री-बोर्ड मॉक टेस्ट 2024 में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया. इसमें प्रथम दिव्या, द्वितीय जिकरा व तृतीय स्थान सानिया ने पाया. मुख्य अतिथि शिक्षाविद अब्दुल्लाह कैफी ने कहा, फातिमा शेख, सावित्रीबाई फुले की मिशन की मजबूत सहयोगी व साथी थी.

### सदानंद जी ने किया लिफ्ट का उद्घाटन



**रांची ।** संत सदानंद जी ने दिव्यांग सेवाधाम आश्रम में मंगलवार को लिफ्ट का उद्घाटन किया. राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि यहां शुरुआ में 100 मानसिक और शारीरिक रूप से असहाय रखे जायेंगे. सब की सुविधा को ध्यान में रख दस व्यक्ति क्षमता वाला लिफ्ट लगाया जाना है. इसी के निमित इसका उद्घाटन गुरु जी ने किया.

### श्रीगुरु गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकली प्रभातफेरी

# गोबिंद प्रीत लागी अत प्यारी... पर झूमे भक्त, हुई पुष्पा वर्षा





संवाददाता । रांची


**खास बातें**

- प्रभातफेरी में काफी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल हुईं
- अरदास के बाद चाय और नाश्ते का लंगर भी चला

श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व पर पांचवे दिन मंगलवार को भी गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा की ओर से प्रभातफेरी निकाली गयी. सुबह छह बजे रातू रोड, कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊड़ी से इसकी शुरुआत हुई. बड़ी संख्या में धर्मावलंबी गुरु की अमृतवाणी का गायन करते हुए आस-पास के मोहल्ले का भ्रमण कर वापस लौटे. निशान साहिब उठा, फेरी की अगुवाई पिंदे सरदार भाई भूपेंद्र सिंह कर रहे थे.

गुरु भक्ति में रमे साध संगत संग मनीष मिड्डा लोगों के घरों के सामने अरदास करते साथ चल रहे थे. जगह-जगह इसमें शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया. सभी के बीच चाय आदि खाने-पीने के समान बांटे गये. प्रभातफेरी में विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, नानक चन्द्र अरोड़ा, मुकेश तलेजा के आवास होते हुए राजेंद्र मक्कड़, नन्द किशोर अरोड़ा की गलियों से गुजरकर गेरा चौक होते हुए वापस दर्शन दिऊडी गेट पहुंचकर विसर्जित हुई. गुरुद्वारा साहिब में अरदास के बाद संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर भी चलाया गया. प्रभातफरी के दौरान स्त्री सत्संग सभा द्वारा प्रस्तुत शबद से संगत निहाल हुई. बबली दुआ,नीता मिड्डा ,मंजीत कौर और रेशमा गिरधर ने गुरु भक्ति में गोबिंद प्रीत लागी अत प्यारी... जैसे शबद की लड़ियां लगा दी. नासरो मनसूर गुर गोबिंद सिंह, एजदी मनसूर गुर गोबिंद सिंह... और मन पियारिया जिओ मितरा गोबिंद नाम समाले, मन पियारिया जी मितरा हर निबहै तेरे नाले... जैसे कर्णप्रिय शबद से संगत को गुरवाणी से जोड़े रखा. वहीं इस प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिड्डा, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, डॉ सतीश मिढ़ा, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा,अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, बसंत काठपाल, प्रकाश नागपाल, मोहित झंडई, राकेश गिरधर, रमेश तेहरी, आशु मिढ़ा, कशिश नागपाल, गगन सरदाना, अशोक तेहरी, नवीन मिड्डा, राजेन्द्र मक्कड़, इंदर मिड्डा, गुलशन मिड्डा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, विनीत खत्री, रिक्की मिड्डा, हरीश तेहरी, भरत गाबा, अश्विनी सुखीजा, प्रताप तलेजा, पंकज मिढ़ा, हरीश मिड्डा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिड्डा, तनय काठपाल, अमन डावरा, पियूष मिड्डा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, मोहित सुखीजा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, ज्ञान दुआ, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, रवि नागपाल, बंसी मल्होत्रा, बिमला मिड्डा, चांद नागपाल, कमलेश मिढ़ा, ज्योति मिड्डा, मीना गिरधर, ममता थरेजा, श्वेता मुंजाल, कमलेश मुंजाल आदि शामिल थे.

### 12 को एक शाम युवाओं के नाम... श्रीराम कथा 13 से



**रांची ।** हनुमान सेवा संस्थान की ओर से इस बार एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम के साथ श्रीराम कथा का भी खास आयोजन किया जा रहा है. युवा दिवस के मौके पर स्वामी विवेकानंद जी की याद में जहां युवाओं के लिए कार्यक्रम होंगे, वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमित कथा का आयोजन किया जा रहा है. संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने बताया कि शुक्रवार को कार्यक्रम शाम साढ़े छह से साढ़े आठ बजे तक चलेगा. इसमें पंडित विजयशंकर मेहता युवाओं को संबोधित करेंगे. साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया जायेगा. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण देश-विदेशों में विभिन्न चैनलों के माध्यम से किया जायेगा.

### कमेटी ने बांटे कंबल

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी की की ओर मंगलवार को ठंड से राहत के लिये 12 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया. कमेटी अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि बढ़ते ठंड में कुद हद तक लोगों को राहत मिले इस उद्देश्य से कंबल बांटने का कार्य किय जा रहा है.

### साकेत नगर में अक्षत वितरण किया गया



**रांची ।** साकेत नगर, हिनु में अयोध्या से आए पूजित अक्षत, भगवान के चित्र व पत्रक का वितरण किया गया. इस मौके पर मनोज मिश्रा, हिमांकर पटेल, कुमार कुश, सत्येंद्र पाठक, डब्ल्यू पंडित, कमल किशोर झा, प्रशांत सिन्हा, अनिता गुप्ता, प्रवीण झा, अजय कुमार, दिलीप मिश्रा (पंडित), अंकुर, राकेश सिंह, विनोद, अवधेश शर्मा, सुमिरन बोस, सचिन सौरव, प्रभाकर मिश्रा, श्याम मिश्रा, आराघ्या झा, व विनोद सिन्हा शामिल थे.

### राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव में हुआ कवयित्री सम्मेलन



**रांची ।** मोरहाबादी रांची में राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव 2023-24 में कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसमें डॉ सुरिन्दर कौर नीलम ने मधुर स्वर में मोहब्बत का जल बरसाएं ऐसे बादल नहीं मिलते. घाव आंखों के भर जाएं, ऐसे काजल नहीं मिलते सुन कर दर्शक झूम उठे. डॉ रजनी शर्मा ''चंदा'' ने यहां शहरों में लगा है दुनिया भर का मेला और हे राम विराजो अयोध्या नगरी में सुना कर दर्शकों की तालियां बटोरी. पुष्पा सहाय ''गिन्नी'' ने खादी मेला की शान ही कुछ और है अपनी रांची की बात ही कुछ और है कि प्रस्तुति से सभी के मन को छू लिया. करुणा सिंह कल्पना ने ए जान ! ये जान तुझपे निसार कर चुका हूं मोहब्बत बेपनाह है मैं वफादार बन चुका हूं सुनाया. बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने जग रघुवर की बांट निहारे आएंगे प्रभु राम हमारे सुना कर भक्तिमय माहौल कर दिया. रंगोली सिन्हा ने धीरे-धीरे धरती पर आने लगी चांदनी,शारदीय गीत गुनगुनाने लगी चांदनी सुना कर सभी के मन को मोह लिया. इस मौके पर रांची के राष्ट्रीय खादी व सरस महोत्सव में आए हुए श्रोताओं ने कवयित्री सम्मेलन का भरपूर आनंद लिया.

### सीएम से मिले ब्रिगेडियर संजय और कर्नल विनय रंजन



**रांची।** रामगढ़ कैंट के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर संजय कान्डपाल और प्रशासनिक कमांडर विनय रंजन ने झारखंड मंत्रालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की. ब्रिगेडियर और कर्नल ने सीएम को पुष्पगुच्छ देकर नये साल की बधाई और शुभकामनाएं दी. सीएम ने भी दोनों को नये साल की मंगलकामनाएं दी.

## मैथिली के रचनाकार गंगानाथ गंगेश की पुस्तक मेघडंबर का लोकार्पण



संवाददाता । रांची

रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर मंगलवार को मैथिली के वरिष्ठ रचनाकार गंगानाथ गंगेश की पुस्तक मेघडंबर के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं चिंतक डॉ नरेंद्र झा ने कहा कि अपनी लेखन की दूसरी पारी में गंगानाथ गंगेश ने जितने धैर्य और लगन के साथ महत्वपूर्ण साहित्य की रचना की है, वह विरल है. उनकी वर्णन शैली और प्रांजल भाषा पाठकों को विषयवस्तु के साथ बांधे रखती है. सुप्रसिद्ध साहित्यकार व रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक डॉ प्रमोद कुमार झा ने गंगानाथ गंगेश को मेघडंबर के लिए बधाई दी. भारती मंडन पत्रिका के संपादक व साहित्यकार केदार कानन ने कहा कि गंगानाथ गंगेश के पास स्मृतियों का बहुमूल्य खजाना तो है ही, वैचारिक दृढ़ता भी है और विवेचन एवं मूल्यांकन करने की विशिष्ट शैली भी है. प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. महेंद्र ने कहा कि गंगानाथ गंगेश ने शब्दों की आत्मा में पैठकर उसके भीतरी सौंदर्य को प्रकट करते हैं. उन्होंने जो भी लिखा है, वह बेहद कलात्मक है. कथाकार अमरनाथ झा ने कहा कि गंगानाथ गंगेश का गद्य मनोहारी, पठनीय और वैचारिक है. उनके लेखन में बेबाकी है. व्यंग्यकार राजकुमार मिश्र ने कहा कि गंगानाथ गंगेश ने अपने लेखन की विशिष्ट शैली से अपना एक विशिष्ट पाठक वर्ग तैयार किया है. लोकार्पण समारोह में अमरनाथ झा, कृष्ण कुमार झा व झारखंड मैथिली मंच के महासचिव वैद्यनाथ झा सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे.

**फैशन प्रदर्शनी** फैशन प्वाइंट का प्रीमियम शो लेकर आया है मेट्रो सिटी के डिजाइनर कलेक्शन

# फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जीविशन का सांसद ने किया उद्घाटन

- शहर में मौजूद हैं नामी गिरामी बड़े डिजाइनर



संवाददाता। रांची

दो दिवसीय फैशन प्वाइंट वेडिंग एग्जिविशन 2024 का आगाज मंगलवार को होटल कैपिटल हिल में किया गया .दो दिवसीय इस प्रीमियम एग्जीविशन का उद्घाटन सांसद डॉ महुआ माजी ने किया. वहीं मेले में वीवीपीएस स्कूल की प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थीं. मेले में मेट्रो सिटी के विशेष डिजाइनरों का शानदार कलेक्शन और नामी गिरामी बड़े डिजाइनर उपस्थित हुए थे. यहां आप उनके डिजाइनर एथनिक वियर, वेस्टर्न वियर, इंडो वेस्टर्न, हैंड मेड ज्वेलरी, लक्ज़री होम डेकोर देख सकते हैं. वहीं बनारस की एक्सक्लूसिव साड़ियों और लखनऊ की चिकनकारी स्पेशल ड्रेसेस भी देखे जा सकतें हैं. लक्ज़री होम डेकोर, रियल ज्वेलरी, कश्मीरी पशमीना शॉल स्वेटर, एसेसरीज, फुटवेयर, वेस्टर्न इंडो वेस्टर्न एक्सक्लूसिव गाउन शादी के सभी ओकेजन के लिए आप खरीदारी कर सकते हैं. साथ ही दिल्ली, कश्मीर, मुंबई, लुधियाना, लखनऊ, कानपुर के कलेक्शन, बैंगलुरु के डिजाइनर साड़ी, ड्रेस, गाउन, को ऑर्ड सेट, पाकिस्तानी शरारा-गरारा उपलब्ध होंगे.

### इस बार सबकुछ नया देखने को मिलेगा : रीना

मेले की संचलिका रीना अग्रवाल ने बताया एग्जिबीशन तीज त्यौहारों विंटर और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांचीवासीयों के लिए लगाया गया है. एग्जीविशन में इस बार आपको सबकुछ नया देखने को मिलेगा. सूरत और मुंबई के बेस्ट ज्वेलर्स अपनी सर्टिफाइड प्रोडक्ट लेकर खास रांची वासियों के लिए लेकर आये हैं. रीयल ज्वेलरी आपका दिल लुभाएगी. शो में प्रतिदिन लकी ड्रॉ का भी आनंद उठा सकते हैं. जितने वाले को चांदी का सिक्का एवं गिफ्ट हैंपर दिया जा रहा है. मेला सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा. इस कार्यक्रम में फैशन पॉइंट के जुड़ी महिलाएं एवं लायंस कल्ब की सदस्य संगीता, सुमिता, हिमा, मनीषा रिना, रेनू एवं अन्य शामिल थीं. इस मौके पर रीना अग्रवाल ने कहा कि फैशन प्वाइंट 10 वर्षों से एग्जीविशन करता आ रहा है. त्योहारों और वेडिंग सीजन को देखते हुए रांचीवासियों के लिए इस प्रीमियम शो का आयोजन किया गया. एक ही छत के नीचे मेट्रो सिटी के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध हैं.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।




आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

